सं: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 24 जून, 2020

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: <u>बोर्ड बैठक का परिणाम</u>

महोदया/महोदय,

हमारे दिनांक 10.06.2020 के पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, हम सहर्ष सूचित करते हैं कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज दिनांक जून 24, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल) और दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल एवं समेकित) पर विचार किया तथा उस पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में, दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल), दिनांक 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक अंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित), दिनांक 31 मार्च, 2020 तक परिसंपत्तियों एवं देयताओं का विवरण, असंशोधित राय के साथ लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के संबंध में घोषणा और हमारे सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा-परीक्षक रिपोर्ट संलग्न हैं।

इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 23(9) के अनुसरण में समेकित आधार पर संबद्ध पक्षकार लेन-देन का प्रकटीकरण इसके साथ संलग्न है। इसके अतिरिक्त, सेबी के दिनांक मई 20, 2020 के परिपत्र के अनुसरण में उक्त वित्तीय परिणामों के साथ कंपनी पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव संबंधी जानकारी भी संलग्न है।

साथ ही, यह भी सूचित किया जाता है कि अप्रकाशित कीमत संवेदनशील सूचना होने के कारण अंकेक्षित वित्तीय परिणामों को स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से सार्वजनिक करने के बाद इसकी विषय-वस्तु को नोट करने एवं उनके द्वारा प्रमाण-पत्र को जारी करने के लिए डिबेंचर ट्रस्टियों को प्रस्तुत किया जाएगा। तदनुसार, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 52(5) के अंतर्गत प्रस्तुत करने हेतु अपेक्षित डिबेंचर ट्रस्टियों से प्रमाण-पत्र को डिबेंचर ट्रस्टियों से उक्त की प्राप्ति पर प्रस्तुत किया जाएगा।

बोर्ड बैठक दोपहर 1.40 बजे शुरू होकर अपराहन 3.00 बजे समाप्त हुई।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम (सीपी) एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com

संलग्न: यथोपरि